दिन– रविवार दिनांक– 22/12/2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रोजगार मेला के तहत कल नवनियुक्त इकहत्तर हजार से अधिक केन्द्रीय कर्मियों को नियुक्ति पत्र सौंपेंगे।

02. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार वाल्मीकिनगर से कल प्रगति यात्रा की शुरूआत करेंगे। कई विकास योजनाओं का करेंगे शुभारम्भ।

03. उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा–बिहार में एनडीए के चेहरे को लेकर कोई भ्रम नहीं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में लड़ा जायेगा अगला चुनाव।

04. और, राजद नेता तेजस्वी प्रसाद यादव ने बीपीएससी की सत्तरवीं सिविल सेवा की प्रारंभिक परीक्षा पूरी तरह रद्द करने का समर्थन किया। मुख्यमंत्री को लिखा पत्र।

——————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल नवनियुक्त युवाओं को वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से इकहत्तर हजार से ज्यादा नियुक्ति पत्र प्रदान करेंगे। इस अवसर पर प्रधानमंत्री लोगों को संबोधित भी करेंगे। हमारे संवाददाता ने बताया कि यह मेला राष्ट्र निर्माण और स्वरोजगार में युवाओं को भागीदारी का अवसर प्रदान करेगा। एक रिपोर्ट–

———बाईट———

रोजगार मेला देशभर में 45 स्थानों पर आयोजित किया जाएगा। केंद्र सरकार के विभिन्न मंत्रालयों और विभागों में भर्तियां की जा रही हैं। रोजगार मेला, रोजगार सृजन को शीर्ष प्राथमिकता देने की प्रधानमंत्री की वचनबद्धता को पूरा करने की दिशा में एक कदम है। देशभर से चुने गए नवनियुक्त युवाओं को गृह मंत्रालय, डाक विभाग, उच्चतर शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय तथा वित्तीय सेवाएं विभाग सहित विभिन्न मंत्रालय और विभागों में नियुक्त किया जायेगा। अनुपम की रिपोर्ट के साथ समाचार कक्ष से आकर्षिता सिंह।

——————————————————

इधर, केन्द्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह पटना के ऊर्जा ऑडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम में चयनित युवाओं को नियुक्ति पत्र सौपेंगे। रोजगार मेला, रोजगार सृजन को शीर्ष प्राथमिकता देने की प्रधानमंत्री की प्रतिबद्धता को पूरा करने की दिशा में एक कदम है। यह राष्ट्र निर्माण और स्वरोजगार में युवाओं की

भागीदारी का अवसर प्रदान करेंगे। इधर, मुजफ्फरपुर में भी कल सीआरपीएफ के झपहां स्थित ग्रुप केन्द्र में रोजगार मेला का आयोजन किया जायेगा।

————————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार कल पश्चिम चंपारण के वाल्मीकीनगर से अपनी प्रगति यात्रा की शुरूआत करेंगे। इसे लेकर जिले में प्रशासनिक तैयारी अंतिम चरण में है। संतपुर के कदमहिया गांव में दो हेलीपैड बनाये गया है। बगहा के पुलिस अधीक्षक सुशांत कुमार सरोज ने बताया कि सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर डेढ़ सौ अधिकारियों और पांच सौ जवानों की टीम तैनात की गई है। हमारे संवाददाता ने बताया कि मुख्यमंत्री की यात्रा को लेकर जीविका समूह से जुड़ी महिलाओं और आंगनबाड़ी सेविकाओं के बीच खासा उत्साह देखा जा रहा है। मुख्यमंत्री श्री कुमार प्रगति यात्रा के पहले चरण में तेईस से अट्ठाईस दिसम्बर तक पश्चिम चंपारण, पूर्वी चंपारण, शिवहर, सीतामढ़ी और मुजफ्फरपुर जिले का दौरा करेंगे। जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा ने कहा कि इसका मकसद लोगों को बिहार के विकास के बारे में जानकारी देना है।

———बाईट———

————————————————————————

उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा है कि बिहार एनडीए में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को लेकर कोइ भ्रम नही हैं। नई दिल्ली में पत्रकारों से बातचीत करते हुए श्री चौधरी ने कहा कि केन्द्र में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और राज्य में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार एनडीए का चेहरा हैं। उन्होंने कहा कि अगामी विधानसभा चुनाव भी इन्हीं दो चेहरों के नेतृत्व में लड़ा जायेगा।

———बाईट———

————————————————————————

राष्ट्रीय जनता दल के नेता और विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव ने बीपीएससी की सिविल सेवा की प्रारंभिक परीक्षा को पूरी तरह से रद्द करने की मांग का समर्थन किया है। उन्होंने नए सिरे से परीक्षा आयोजित करने को लेकर आज मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को पत्र लिखा है। श्री यादव ने परीक्षा रद्द करने की

मांग को लेकर पटना में धरना प्रदर्शन कर रहे परीक्षार्थियों से मुलाकात की। श्री यादव ने बाद में संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने वायदा किया था कि परीक्षार्थियों के साथ न्याय किया जायेगा।

———बाईट———

——————————————————————

उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा है कि पूरी परीक्षा रद्द करने की जरूरत नहीं हैं । उपमुख्यमंत्री ने कहा कि जो लोग इसकी मांग कर रहें उन्हें इसके पुख्ता साक्ष्य प्रस्तुत करना चाहिए।

———बाईट———

——————————————————————

केन्द्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा है कि भारत सहकारिता के माध्यम से दो हजार सत्ताईस तक विश्व की तीसरी अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। त्रिपुरा के अगरतला में सहकारिता कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए श्री शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने केन्द्र में सहकारिता मंत्रालय की स्थापना कर पूरे देश में सहयोग और सहकारिता के माध्यम से संपन्नता का मार्ग खोल दिया है।

———बाईट———

——————————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस महीने की उनतीस तारीख को दिन के ग्यारह बजे आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में देश—विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। कार्यक्रम की यह एक सौ सत्रहवीं कड़ी होगी। श्रोता टोल फ्री नम्बर— एक आठ शून्य शून्य— एक एक— सात आठ शून्य शून्य पर कार्यक्रम के लिए अपने सुझाव भेज सकते हैं। इसके अलावा नरेंद्र मोदी ऐप या माय जीओवी ओपन फोरम के जरिये भी सुझाव साझा किये जा सकते हैं। लोग सत्ताईस दिसम्बर तक अपने सुझाव भेज सकते हैं।

————————————————————————

केन्द्र सरकार ने चुनाव संचालन नियमों में ई–दस्तावेज को लेकर बदलाव किया है। जारी अधिसूचना के अनुसार सीसीटीवी कैमरा, वेबकाकास्टिंग फुटेज और उम्मीदवारों की वीडियो रिकॉर्डिंग जैसे इलेक्ट्रॉनिक दस्तावेज सार्वजनिक निरीक्षण के दायरे से बाहर कर दिये गये हैं। सरकार ने कहा है कि यह बदलाव दुरूपयोग रोकने के लिए किया गया है। निर्वाचन आयोग के आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि फुटेज सहित सभी दस्तावेज उम्मीदवारों के लिए उपलब्ध है। अन्य लोगों को न्यायालय के आदेश से ही इलेक्ट्रॉनिक रिकॉर्ड मिलेंगे।

————————————————————————

केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्रधिकरण –सीसीपीए ने संघ लोक सेवा आयोग परीक्षा दो हजार तेईस के परिणामों के संबंध में भ्रामक विज्ञापन करने वाले कोचिंग संस्थानों के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी हैं। सीसीपीए ने प्रतियोगी परीक्षाओं की कोचिंग कराने वाले एक संस्थान पर दो लाख रूपये का जुर्माना लगाया है। उपभोक्ता कार्य मंत्रालय ने एक बयान में कहा है कि कोचिंग संस्थान भ्रामक विज्ञापन तत्काल प्रभाव से बंद करें। मंत्रालय ने ये भी कहा है कि ऐसे झूठे और भ्रम फैलाने वाले विज्ञापनों से उपभोक्ता के अधिकारों का हनन होता है।

————————————————————————

रेलवे ने गोरखपुर–गोंडा रेलखंड पर तकनीकी कार्य के चलते चौबीस, पच्चीस और छब्बीस दिसम्बर को कई रेलगाड़ियों का परिचालन निरस्त करने और कई का परिचालन मार्ग परिवर्तित करने का निर्णय किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पच्चीस दिसम्बर को ग्वालियर–बरौनी और छब्बीस दिसम्बर को बरौनी–ग्वालियर रेलगाड़ी का परिचालन रद्द रहेगा।

————————————————————————

जाने माने गायक जुबिन नौटियाल ने पर्यटन के क्षेत्र में बिहार सरकार द्वारा उठाए गए कदमों की प्रशंसा की है। राजगीर महोत्सव में भाग लेने आए श्री नौटियाल ने संवाददाताओं से बातचीत में यह बात कही।

———बाईट———

————————————————————————

बिहार नेत्रहीन परिषद के तत्वावधान में आज से पटना कॉलेज मैदान में पूर्वी भारत के दृष्टिबाधित छात्र–छात्राओं के लिए चार दिवसीय क्रिकेट और एथलेटिक्स प्रतियोगिता की शुरूआत हो गई। प्रतियोगिता का उद्घाटन परिषद के उपाध्यक्ष प्रोफेसर आनन्द मूर्ति, पूर्व सचिव रमेश प्रसाद सिंह और संयुक्त सचिव एन.के. पांडेय ने किया। पहले दिन खेले गए बालिका क्रिकेट मुकाबले में पश्चिम बंगाल की टीम ने बिहार को आठ विकेट से हरा दिया।

————————————————————————

पटना जिले के दानापुर थाना क्षेत्र अंतर्गत पेठिया बाजार में कल देर रात अपराधियों की गोलीबारी के बाद तनावपूर्ण स्थिति को देखते हुए पूरे क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। वरीय पुलिस अधिकारियों के नेतृत्व में पुलिस ने फ्लैग मार्च किया। गौरतलब है कि कल रात अंधाधुंध गोलीबारी में एक व्यक्ति की मौत हो गई थी जबकि छावनी परिषद का पूर्व उपाध्यक्ष रंजीत यादव उर्फ दही गोप गंभीर रूप से घायल हो गया।

————————————————————————

पूरबा हवा के प्रवाह से प्रदेश के अधिकतर भागों में तापमान में औसत एक से दो डिग्री सेल्सियस की वृद्धि दर्ज की गई है। इसके कारण अधिकांश स्थानों पर न्यूनतम पारा दस डिग्री सेल्सियस के ऊपर रिकॉर्ड किया गया है। मौसम विभाग की रिपोर्ट के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान रोहतास का डेहरी और समस्तीपुर का पूसा राज्य के सबसे ठंडा स्थान रहे। इन दोनों स्थानों पर न्यूनतम तापमान आठ दशमलव पांच डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि अगले दो

दिनों तक मौसम में किसी विशेष परिवर्तन की संभावना नही हैं। इसके बाद प्रदेश के अधिकतर भागों में ठंड में बढ़ोतरी हो सकती है।

———————————————————————

आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की ओर से आज ग्रामीण स्वास्थ्य समन्वयकों के लिए प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राधिकरण के उपाध्यक्ष डॉक्टर उदयकान्त ने की। उन्होंने प्रतिभागियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि आपदा से निपटने में स्वास्थ्य समन्वयकों का काफी महत्व है। कार्यक्रम में चार हजार तीन सौ समन्वयकों ने हिस्सा लिया।

———————————————————————

औरंगाबाद जिले के मदनपुर क्षेत्र में सीआरपीएफ और पुलिस ने चकरबंधा के पास चार आईईडी बरामद कर सुरक्षा बलों पर हमलों की बड़ी साजिश को विफल कर दिया है। पुलिस अधीक्षक अम्बरीश राहुल ने बताया कि सभी बमों को निष्क्रिय कर दिया गया है।

———————————————————————

विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग की ओर से आज पटना में राष्ट्रीय गणित दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में विभाग के मंत्री सुमित कुमार सिंह ने समारोह को सम्बोधित किया।

———————————————————————

सहरसा के बटोही कलाग्राम में प्रसिद्ध रंग कर्मी जीत राय हांसदा के निर्देशन में पांच दिवसीय नाट्य कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रसिद्ध नाटक अजब–गजब किस्सा का मंचन किया गया।

———————————————————————

शेखपुरा जिले के पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय मे पूर्ववर्ती छात्रों का समागम आयोजित किया गया। इसका शुभारम्भ विद्यालय के प्राचार्य विनय कुमार ने किया।

———————————————————

मधुबनी जिले के जयनगर प्रखंड अंतर्गत बेलही पश्चिमी पंचायत के बेन्तोहा गांव में भारत–नेपाल अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर नोमैन्स लैंड के पास सड़क निर्माण का विरोध तेज हो गया है। इसके खिलाफ अंचलाधिकारी को पत्र लिखकर कार्रवाई की मांग की गई है।

———————————————————

सहरसा के जिलाधिकारी वैभव चौधरी ने राष्ट्रीय स्कूली नेटबॉल प्रतियोगिता के अंडर फोर्टीन बालक–बालिका वर्ग में चयनित सहरसा की स्मृति कुमारी, राजनंदिनी कुमारी और अंकित कुमार को सम्मानित किया है।

———————————————————

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रोजगार मेला के तहत कल नवनियुक्त इकहत्तर हजार से अधिक केन्द्रीय कर्मियों को नियुक्ति पत्र सौंपेंगे।

02. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार वाल्मीकिनगर से कल प्रगति यात्रा की शुरूआत करेंगे। कई विकास योजनाओं का करेंगे शुभारम्भ।

03. उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा–बिहार में एनडीए के चेहरे को लेकर कोई भ्रम नहीं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में लड़ा जायेगा अगला चुनाव।

04. और, राजद नेता तेजस्वी प्रसाद यादव ने बीपीएससी की सत्तरवीं सिविल सेवा की प्रारंभिक परीक्षा पूरी तरह रद्द करने का समर्थन किया। मुख्यमंत्री को लिखा पत्र।

———————————————————

समाप्त